I/97507/2023

पत्रांक 15/एम1–265/2023 – 4724.
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग

प्रेषक,

(डॉ0) रेखा कुमारी,
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलसचिव,
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा,
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा,
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर,
कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा,
भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा,
मौलाना मजहरूल हक़ अरबी फारसी विश्वविद्यालय, पटना, एवं
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

पटना दिनांक 20.12. 2023

विषयः– बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना एवं पटना विश्वविद्यालय के संघ के कथित पदधारियों द्वारा विभागीय निदेशों का विरोध करने के संबंध में।

प्रसंगः– दैनिक अखबार "दैनिक भास्कर" के दिनांक–18.12.2023 (सोमवार) के अंक में प्रकाशित समाचार ।

महाषय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में प्रसंगाधीन अभिलेख की छाया–प्रति संलग्न करते हुए अंकित करना है कि उपरोक्त कथित कर्मचारी महासंघ के निम्न कथित पदधारियों द्वारा महासंघ की कथित बैठक में प्रसंगाधीन अखबार में प्रकाशित समाचार के अनुसार विभागीय निदेशों का विरोध किया गया है जो विभागीय हित के विरूद्ध है एवं सरकार की छवि को धूमिल करने वाला है।

इस गैर पेशेवर आचरण एवं विभाग एवं सरकार की छवि को धूमिल करने के प्रयास के कारण इनका संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त होने तक वेतन/पेंशन को स्थगित करने का आदेश दिया जाता है। साथ ही विभागीय पत्रांक–4342 दिनांक–28.11.

vivo V27
Dec 20, 2023, 17:25

1/97507/2023

2023 के निदेश के विरूद्ध आचरण करने के कारण इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए विभाग को तीन सप्ताह के अंदर सूचित किया जायः–

1. श्री शंकर यादव, ल0ना0मि0 वि0वि0, दरभंगा
2. डॉ सरोज कुमार सिंह, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा,
3. श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर,
4. डॉ0 राजेश्वर राय, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा,
5. डॉ0 रविन्द्र कुमार मिश्र, कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा,
6. सैय्यद शाही नकवी, मौलाना मजहरूल हक़ अरबी फारसी विश्वविद्यालय, पटना एवं
7. सुबोध कुमार, पटना विश्वविद्यालय, पटना

पत्र का अनुपालन शीघ्र सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नक–अखबार की कतरण की छाया–प्रति।

विश्वासभाजन,

Signed by Rekha Kumari
Date: 20-12-2023 15:24:09
(रेखा कुमारी)
निदेशक, उच्च शिक्षा।

vivo V27
Dec 20, 2023, 17:25

[redacted]/2023/070 DIR_HIGH_EDU - [redacted]

दैनिक भास्कर – 18.12.23 (रा...)

50 प्राइमरी स्कूलों में शुरू होगा स्मार्ट क्लास

पटना | पटना जिले के प्राइमरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की पढ़ाई कराने के लिए 50 स्कूलों का चयन किया गया है। 30 दिसंबर तक जिले के प्राइमरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत कर दी जाएगी। 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास से जुड़ी इक्यूपमेंट के लगाने के लिए 57 लाख 36 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिले के 50 स्कूलों में स्क्रीन लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। अगले सप्ताह तक अन्य कार्यों को भी पूरा कर लिया जाएगा। जिले के प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी स्मार्ट बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बच्चों को स्मार्ट क्लास के जरिये पढ़ाया जाएगा। बता दें की स्मार्ट क्लास में डिजिटल पढ़ाई के लिए विभिन्न इक्यूपमेंट लगाये जाने हैं। इनमें इंटरेक्टिव व्हाइट बोर्ड, विजुअलाइजर, एप्लीफायर, स्पीकर और माइक्रोफोन का इस्तेमाल किया जाता है। इसके विद्यार्थियों का पढ़ने में रुचि बढ़ने के साथ ही पाठ्यक्रम को भी जल्दी ग्रहण पाते हैं।

सेंटअप परीक्षा बाद कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षा

पटना | मैट्रिक और इंटर की सेंटअप परीक्षा के बाद अब विशेष कक्षा होगी। पटना जिला में पहली बार विशेष कक्षा आयोजित की जा रही है। विशेष कक्षा करवा कर छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई जाएगी। विशेष कक्षा दिसंबर के तीसरे सप्ताह से शुरू हो जाएगी। सबसे ज्यादा पटना जिले से 35 हजार 476 छात्रों को विशेष कक्षा में शामिल किया जाएगा। मैट्रिक और इंटर के छात्रों के लिए विशेष कक्षा उनके स्कूल में ही चलाई जाएगी।

विवि कर्मियों ने अविलंब वेतन सत्यापन कोषांग पर रोक लगाने की रखी मांग

बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की बैठक

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ पटना की आपातकालीन कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष शंकर यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा जारी संघ विरोधी पत्र पर विरोध प्रकट किया गया। साथ ही उक्त पत्र को अविलंब वापस लेने की मांग की गई। वेतन सत्यापन कोषांग द्वारा मनमाने ढंग से कर्मचारियों की वेतन में भारी कटौती की जा रही है। साथ ही पद को भी परिमार्जित करते हुए मनमाने ढंग से अधिकार क्षेत्र से बाहर जा कर वेतन निर्धारण कर रहे है। अविलंब वेतन सत्यापन कोषांग पर रोक लगाई जाए।

शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों पर जो कार्रवाई की इसकी बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ पटना भर्त्सना करती है। साथ ही मांग करती है कि अविलंब उक्त पत्र को वापस लिया जाए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ से बातचीत कर जनवरी 2024 में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने पर सहमति बनी। बैठक में महासंघ के अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष डॉ. सरोज कुमार सिंह, महासचिव रघुवन्द कुमार सिंह, डॉ. राजेश्वर राय, डॉ रवीन्द्र कुमार मिश्रा, सैयद शाहिद नकवी, पटना विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सुबोध कुमार आदि मौजूद थे।

बिहार बोर्ड

मैट्रिक-इंटर मूल्यांकन कार्य में शामिल होंगे नवनियुक्त शिक्षक

पटना | बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) ने माध्यमिक परीक्षा 2024 और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की डायरेक्टरी बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस बार मूल्यांकन में नवनियुक्त शिक्षकों को भी लगाया जाएगा। परीक्षा समिति ने सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि वे 26 दिसंबर तक नए और पहले से कार्यरत शिक्षकों की सूची समिति की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। परीक्षा समिति ने स्पष्ट किया है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान ही वैध शिक्षकों की विवरणी अद्यतन करेंगे। जिन विद्यालयों की संबद्धता रद्द की गई है उनका विवरणी अपलोड नहीं किया जाएगा।

नयी समय सारणी

स्कूलों में शनिवार को ही होगी साप्ताहिक परीक्षा और मूल्यांकन

पटना | सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नयी समय सारणी जारी की गई है। नये समय सारिणी में वर्गवार क्लास रूटीन भी साझा किया गया है। नई समय सारणी के तहत कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली साप्ताहिक परीक्षा शनिवार को ही आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शनिवार को ही साप्ताहिक परीक्षा का मूल्यांकन भी किया जाएगा। शनिवार को एक्टिविटी क्लास के अलावा साप्ताहिक परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। इससे पहले कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों की साप्ताहिक परीक्षा गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित कराई जाती थी। इसमें दस क्लास के बच्चों की भी साप्ताहिक परीक्षा आयोजित कराई जाती थी। साप्ताहिक परीक्षा में भी बच्चों को ग्रेड दिया जाएगा। कक्षा एक से आठवीं के बच्चों के लिए 10 अंक की साप्ताहिक परीक्षा और कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 20 अंक की साप्ताहिक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

Say (HE)

Are they our employees? If yes, pl take action.

vivo V27
Dec 20, 2023, 17:25